हुडको में अवैध रूप से गुमटी लगाकर आवागमन किया बाधित, निगम की टीम ने कार्रवाई कर हटायी गुमटी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत हुडको क्षेत्र में अवैध गुमटी पर कार्रवाई की गई! हुडको क्षेत्र में डीएवी स्कूल जाने वाली मुख्य रोड के पास बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का काम करने तथा अवैध रूप से व्यवसाय करने के उद्देश्य से गुमटी रख दिया गया था! इसकी शिकायत आसपास के लोगों ने निगम से की थी! जैसे ही शिकायत प्राप्त हुई अवैध गुमटी को हटाने के लिए नेहरू नगर जोन आयुक्त मनीष गायकवाड की टीम हुडको में कार्रवाई करने पहुंच गई! निगम की टीम ने गुमटी को हटाकर स्थल को खाली कर दिया! हुडको के एमआइजी 1/349 के पास नाले के ऊपर जयंत चक्रवर्ती के द्वारा गुमटी रख दी गई थी! निगम को शिकायत मिली थी कि इसी रास्ते पर डीएवी स्कूल जाने वाले मुख्य मार्ग पर बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई करने वाले व्यक्ति के द्वारा गुमटी बनाकर विशाल रेत का भंडारण सड़क के बाजू में किया जा रहा है तथा अवकाश का फायदा उठाकर विशालकाय गुमटी का निर्माण कर रहा है! यह भी शिकायत प्राप्त हुई थी कि स्कूल खुलने के बाद आवागमन में स्कूली बच्चों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा तथा स्कूली बसों सहित अन्य वाहनों के आवागमन में भी दिक्कत होगी! इन्हीं सब कारणों से अवैध गुमटी पर आज कार्यवाही करते हुए गुमटी को हटा दिया गया! उल्लेखनीय है कि अवैध निर्माण , अतिक्रमण तथा अवैध कब्जा पर त्वरित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को दिए हुए हैं , निगम में विशेष दस्ता का गठन भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से किया गया है! अवैध कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया जा रहा है और इस अनुसार कार्रवाई हो रही है! अवैध गुमटी को हटाने के कार्रवाई के दौरान विशेष दस्ता के बालकृष्ण नायडू , नेहरू नगर के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ दस्ता के राजेश गुप्ता एवं कन्हैया यादव मौजूद रहे!